समाचार

लाकडाउन का पालन कड़ाई के साथ सुनिश्चित कराएं

कोरबा 21 सितम्बर 2020 –जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम के जोन कमिश्नरों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि लाकडाउन का पालन कड़ाई के साथ कराया जाना सुनिश्चित करें तथा जिला प्रशासन द्वारा लाकडाउन के संबंध में जो दिशा निर्देशजारी किए गए हैं, उनका पूर्ण रूप से पालन कराएं तथा लाकडाउन का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आज कोरबा एस.डी.एम. श्री सुनील नायक, सी.एस.पी. श्री राहुल देव एवं अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने निगम के जोन कमिश्नरों, उप जोन प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक के दौरान जोन कमिश्नरों को निर्देश दिए गए कि कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल द्वारा लागू किए गए लाकडाउन आदेश में दिए गए दिशा निर्देशों को पूर्ण रूप से पालन कराते हुए लाकडाउन का कड़ाई से पालन कराएं ताकि कोरोना के बढ़ते संक्रमण को प्रभावी ढंग से रोका जा सके। जोन कमिश्नर, उप जोन प्रभारी तथा मैदानी अमला अपने–अपने क्षेत्रों में लगातार सक्रिय रहकर नजर रखें तथा यह सुनिश्चित कराएं कि लाकडाउन के निर्देशों का उल्लंघन न हों, यदि किसी व्यक्ति के द्वारा लाकडाउन का उल्लंघन किया जाता है तो उस पर आवश्यक कार्यवाही त्वरित रूप से करें, लाकडाउन का पालन कराने में पुलिस प्रशासन पूरा सहयोग करेगा, अतः आवश्यकतानुसार पुलिस का सहयोग लें।